


नवभारत
भोपाल, सोमवार, 20 अप्रैल, 2026


# केन-बेतवा प्रोजेक्ट में एफआईआर से गरमाई सियासत

## कांग्रेस नेता अभिषेक परमार बोले- 'झूठे केस से नहीं दबेगी आदिवासियों की आवाज़'

**बिजावर/छतरपुर, 19 अप्रैल.** केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रभावितों की लड़ाई अब सियासी अखाड़े में तब्दील हो गई है.

**बमीठा पुलिस कार्रवाई के बाद वीडियो जारी कर दी चेतावनी**

**न्याय के लिए 10 दिन बाद बड़े आंदोलन का एलान**



बमीठा थाने में यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार और उनके 50 समर्थकों पर दर्ज हुई एफआईआर के बाद कांग्रेस नेता ने कड़ा रुख अपनाया है. रविवार को एक वीडियो संदेश जारी करते हुए अभिषेक परमार ने प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाया और स्पष्ट किया कि शोषितों, आदिवासियों और दलितों के हक के लिए यह लड़ाई पीछे हटने वाली नहीं है. उन्होंने आगे कहा कि केन-बेतवा परियोजना में मुआवजे के नाम पर आदिवासियों के साथ छल किया जा रहा है. 'मैं एक पत्रकार और जनसेवक के नाते उनकी पीड़ा देख रहा हूँ. यदि प्रशासन को लगता है कि एफआईआर दर्ज कर वे हमें डरा देंगे, तो यह उनकी भूल है. हम जेल जाने को तैयार हैं, लेकिन आदिवासियों के पुनर्वास और सम्मान से समझौता नहीं करेंगे.' फिलहाल, इस बयान के बाद क्षेत्र में राजनीतिक पारा चढ़ गया है और पुलिस भी मामले में आरोपियों की शिनाख्त कर गिरफ्तारी की तैयारी में जुटी है.

> गौरतलब है कि दो दिन पूर्व भुसोर गेट पर हुए विवाद और कथित अभद्रता के मामले में पुलिस ने रेंजर की शिकायत पर अभिषेक परमार सहित 50 लोगों पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है. इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिषेक परमार ने कहा, प्रशासन ने जनहित की मांग उठाने पर दमनकारी नीति अपनाई है. हम केवल डूब क्षेत्र के ग्रामीणों से मिलने जा रहे थे, लेकिन पुलिस और वन विभाग ने जानबूझकर विवाद की स्थिति पैदा की.

# टैंक में काम करते दो युवकों की मौत

**छतरपुर, 19 अप्रैल.** छतरपुर जिले के गढ़ीमलहरा कस्बे में महोबा रोड स्थित एक गैराज में बीती शाम दर्दनाक घटना सामने आई, जहां पानी के टैंक में पेंटिंग का काम कर रहे दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. मृतकों की पहचान महाराजपुर निवासी गुलाब अनुरागी (22 वर्ष) और अरमान खान (23 वर्ष) के रूप में हुई है.

**करंट का संदेह, शव अकड़ी हालत में मिले**

**परिजनों ने लगाए लापरवाही और साजिश के आरोप**

जानकारी के अनुसार, दोनों युवक गैराज मालिक सचिन पटेल के यहां टैंक के अंदर पुताई का कार्य कर रहे थे. दोपहर करीब 4:30 बजे सूचना मिली कि दोनों युवक टैंक के अंदर बेहोश पड़े हैं. उन्हें निजी वाहन से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. बाद में शव जिला अस्पताल लाए गए, जहां उन्हें अकड़ी हुई अवस्था में देखा गया और शरीर काला पड़ा हुआ था.



> प्रारंभिक जांच में मृतकों के शरीर पर झुलसने के निशान पाए गए हैं, जिससे करंट लगने की आशंका जताई जा रही है. वहीं परिजनों ने आरोप लगाया है कि उन्हें पहले हादसे को सड़क दुर्घटना बताकर गुमराह किया गया. उन्होंने मामले में लापरवाही और साजिश की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा.

### जनगणना के तहत मकान सूचीकरण कार्य जारी

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** सिरोंज में जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण के तहत एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली. विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने आवास स्थित कार्यालय में स्वगणना पूर्ण कर लोगों को अपने मकानों की स्व गणना करने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान जनगणना के जिला स्तरीय फ़ील्ड ट्रेनर मनोज शर्मा, प्रगणक सुधीर जैन, जनगणना सुपरवाइजर अखिलेश मार्को, जनगणना आपरेटर हेमंत शर्मा आदि मौजूद रहे.

**मुख्यमंत्री कन्या विवाह**

# 200 से अधिक वर-वधू परिणय सूत्र में बंधे

**बिजावर (छतरपुर), 19 अप्रैल. बिजावर में जनपद पंचायत द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह महोत्सव इस वर्ष ऐतिहासिक बन गया. नगर के मांगलिक भवन में आयोजित इस भव्य सामूहिक विवाह समारोह में**

**पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना**

**200 से अधिक वर-वधु एक साथ परिणय सूत्र में बंधे.**

जिले के आठों विकासखंडों से आए जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर सात जन्मों तक साथ निभाने का संकल्प लिया.





पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया. समारोह स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और विवाह से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं प्रशासन द्वारा सुव्यवस्थित रूप से की गई थीं. एक ही मंच पर सैकड़ों जोड़ों का विवाह संपन्न होना क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण रहा.

आयोजन में शामिल परिजन और नागरिक इस भव्य दृश्य के साक्षी बने और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया.

इस महोत्सव को सफल बनाने में विधायक राजेश शुक्ला की अहम भूमिका रही. उनके प्रयासों से पहली बार इतनी बड़ी संख्या में जोड़ों का विवाह एक साथ कराया जा सका.

उन्होंने नवदंपतियों को उपहार भेंट कर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की.

> शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को 49,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई. इसके अलावा किचन सेट, साड़ी और भगवान भोलेनाथ का छायाचित्र भी भेंट किया गया. इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहयोग देना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है. पूरे आयोजन के दौरान खुशी और उल्लास का माहौल बना रहा.



**सटई थाना परिसर में थाना दिवस आयोजित**

# जमीन विवादों की सुनवाई से ग्रामीणों को राहत

**छतरपुर, 19 अप्रैल.** छतरपुर जिले के सटई थाना परिसर में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं. यह कार्यक्रम कलेक्टर पार्थ जायसवाल और पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में नायब तहसीलदार इंद्र कुमार गौतम, थाना प्रभारी सुनीता विदुआ, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर थाना परिसर पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष अपने आवेदन प्रस्तुत किए.

इस दौरान ग्रामीणों ने सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण और अवैध कब्जे से जुड़े मामलों को उठाया. अधिकारियों को कुल 12 से 15 लिखित आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया. वहीं शेष मामलों को जांच में लेकर जल्द निराकरण का आश्वासन दिया गया.

> थाना दिवस के आयोजन से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली. ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से उन्हें अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होती है. प्रशासन की इस पहल को जनसुनवाई और त्वरित समाधान की दिशा में एक प्रभावी कदम माना जा रहा है. अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे, ताकि लोगों की समस्याओं का समय पर निराकरण हो सके.

# घर निर्माण को लेकर खूनी संघर्ष

## एक ही परिवार के पति-पत्नी और बेटा हुए लहूलुहान

**छतरपुर, 19 अप्रैल.** छतरपुर नगर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मातवाना मोहल्ले में रविवार को घर निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया. जानकारी के अनुसार, निर्माण कार्य के दौरान किसी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई.

इस झगड़े में एक पक्ष के रामनारायण अहिरवार, उनकी पत्नी और उनका बेटा घायल हो गए. परिजनों के मुताबिक, विवाद के दौरान दूसरे पक्ष ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं. घटना के बाद आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया.

घायल पक्ष ने रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई. घायलों ने पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और घटनास्थल की जानकारी जुटाई जा रही है. जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.



> स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य को लेकर पहले भी दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई थी, जो रविवार को विवाद में बदल गई. फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है.

### पानी को लेकर पिता-पुत्र समेत तीन पर हमला

छतरपुर जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महाराजगंज में खेत पर पानी लगाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. इस घटना में पिता-पुत्र और मां समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है. घायलों की पहचान बृजेश कुशवाहा (28 वर्ष), उनके पिता रामदीन कुशवाहा (51 वर्ष) और मां श्याम बाई कुशवाहा (48 वर्ष) के रूप में हुई है. सभी ग्राम महाराजगंज के निवासी हैं. पीड़ित बृजेश कुशवाहा के अनुसार, वह सुबह करीब 5 बजे अपने खेत में उड़द की फसल में पानी लगा रहे थे. तभी गांव के ही परमलाल, छुट्टन, धनप्रसाद और रामदयाल वहां पहुंचे और पाइप निकालने को लेकर विवाद करने लगे. बृजेश द्वारा इनकार करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया. हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजन उन्हें लेकर बड़ामलहरा थाने पहुंचे, जहां शिकायत दर्ज कराने के बाद प्राथमिक उपचार कराया गया.



# अतिक्रमण से संकरी हुई सड़क

**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर.** नगर में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण ने आमजन का जीवन प्रभावित कर दिया है. दुकानदारों द्वारा नालियों पर पक्की सीढ़ियां और प्लेटफॉर्म बना लेने से नालियों की सफाई बाधित हो

**जाम की समस्या बनी गंभीर**

रही है, जिससे गंदा पानी जमा हो रहा है और मलेरिया सहित अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है.

सड़क के दोनों ओर हुए अतिक्रमण से मार्ग संकरा हो गया है. मंडी के समय ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के निकलने में दिक्कत होती है और कई बार वाहनों के फंसने से लंबा जाम लग जाता है. वहीं दुकानों के सामने खड़ी मोटरसाइकिलें यातायात को और बाधित कर रही हैं. जानकारी के अनुसार कुछ व्यापारियों ने दुकानों के आगे की जगह किराए पर दे दी है, जहां ठेले और छोटे व्यवसाय संचालित हो रहे हैं. इससे व्यापारियों को आर्थिक लाभ हो रहा है, लेकिन आम लोगों को अव्यवस्था और जाम का सामना करना पड़ रहा है.



पूर्व में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो गई. स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है.

### युवक ने की आत्महत्या सुसाइड नोट भी मिला

**कुरवाई.** ग्राम भौंरासा में एक 40 वर्षीय युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है. मृतक की पहचान बीरबल सहरिया के रूप में हुई है, जिसका शव उसके ही घर में संदिग्ध अवस्था में पाया गया. घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए. पुलिस के अनुसार मृतक के गले में रस्सी बंधी हुई थी, जिससे प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है. मौके की तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक डायरी भी बरामद की गई, जिसमें कथित रूप से उसने अपनी मौत के कारणों का उल्लेख किया है.

# बुंदेलखंड में भीषण गर्मी, 42 डिग्री पर पहुंचा तापमान

■ लू से जनजीवन प्रभावित ■ सड़कों पर सन्नाटा ■ लोगों को सावधानी बरतने की सलाह

**छतरपुर, 19 अप्रैल. बुंदेलखंड क्षेत्र इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है. अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे आसमान से मानो आग बरस रही है. तेज लू और तपती धूप के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है.**

दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ नजर आ रहा है. जो लोग जरूरी काम से बाहर निकल रहे हैं, वे भी लू और तेज धूप से बेहाल दिखाई दे रहे हैं. राहगीर मूलचंद पटेल ने बताया कि



तेज लू के कारण बाहर निकलना कठिन हो गया है, इसलिए लोग ज्यादा पानी पी रहे हैं और सिर व चेहरे को ढंककर ही घर से बाहर निकल रहे हैं. शहर के बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ में भारी कमी देखी जा रही है. लोग सुबह जल्दी या शाम के समय ही जरूरी काम निपटाने की कोशिश कर रहे हैं. स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है, ताकि लू और गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके.

**धर्म** | **देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु ऑनलाइन जुड़ेंगे हवन से**

# पांचवां ऑनलाइन श्री हनुमान चालीसा हवन आज

**छतरपुर/बागेश्वर धाम, 19 अप्रैल.** तकनीक और अध्यात्म के अनूठे संगम के साथ बागेश्वर धाम एक बार फिर इतिहास रचने जा रहा है. सोमवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर, बागेश्वर

**पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का संकल्प होगा पूर्ण**

धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के सान्निध्य में 'पांचवां ऑनलाइन श्री हनुमान चालीसा हवन' आयोजित किया जाएगा. रात्रि 9 बजे से शुरू होने वाले इस विशेष अनुष्ठान का उद्देश्य समाज से नकारात्मक ऊर्जा का अंत कर सुख, शांति और समृद्धि का संचार करना है. बागेश्वर धाम में विद्वान पंडितों के माध्यम से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह अनुष्ठान संपन्न होगा. पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि सद्गुरु भगवान सन्यासी बाबा की प्रेरणा से यह श्रृंखला शुरू की गई थी. उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रार्थना में असीम शक्ति होती है, जो न केवल व्यक्ति बल्कि संपूर्ण समाज को लाभ पहुँचाती है. तकनीक के इस युग में धर्म को जन-जन तक पहुँचाने की यह पहल अध्यात्म के एक नए स्वरूप को दर्शाती है.





> ऑनलाइन हवन में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए धाम द्वारा विशेष विधि बताई गई है, जिसका अनुसरण कर भक्त अपने घरों में ही सुरक्षित रहकर बालाजी की कृपा प्राप्त कर सकते हैं. इस आयोजन को लेकर बागेश्वर भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है. महाराज श्री ने संकेत दिए हैं कि आगे भी गुरु आज्ञा अनुसार ऐसे लोक कल्याणकारी आयोजन निरंतर जारी रहेंगे.

# भाजपा ने रखा संगोष्ठी सम्मान समारोह

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. जिला भाजपा कार्यालय में संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जी सम्मान अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित की गई. कार्यक्रम में बाबा साहेब के सामाजिक न्याय और वंचित वर्ग के सशक्तिकरण में दिए गए योगदान को याद किया गया.**

मुख्य वक्ता विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब के विचारों को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता से जोड़ते हुए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में महत्वपूर्ण स्थान दिया है. उन्होंने बताया कि पार्टी ने पंचतीर्थ विकसित किए हैं और 2015 से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है. साथ ही प्रदेश में गरीबों और पिछड़ों के लिए कई योजनाएं संचालित हैं. जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन ने बताया कि 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस के रूप में मनाया जाता है और दिल्ली स्थित उनके निवास को राष्ट्रीय स्मारक बनाया गया है. कार्यक्रम में अनिल सोनकर, पंकज पांडे सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे.

